झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **01.01.2020**

विज्ञप्ति संख्या- 001/2020

- नया वर्ष समस्त झारखण्ड वासियों के जीवन में खुशहाली लाये - हेमंत सोरेन
- मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की समस्त जनता एवं देशवासियों को नव वर्ष 2020 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।
- वर्ष 2020 समस्त झारखंडवासियों के लिए सुख, शांति, सद्भाव, उन्नति, समृद्धि एवं सफलताओं का वर्ष हो - हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री झारखंड

रांची

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की समस्त जनता एवं देशवासियों को नव वर्ष 2020 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि वर्ष 2020 समस्त झारखंडवासियों के लिए सुख, शांति, सद्भाव, उन्नति, समृद्धि एवं अनंत सफलताओं का वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि नया वर्ष समस्त झारखण्ड वासियों के जीवन में खुशहाली लाये

प्रदेश की समस्त जनता से सरकार के विकास यात्रा में सहयात्री बनने का आह्वान

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने विकसित, समृद्ध और नए झारखंड के निर्माण के लिए प्रदेश की समस्त जनता से सरकार के विकास यात्रा में सहयात्री बनने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आइये हम सब मिलकर अपने झारखण्ड को बनाएं और संवारें !!

सब धर्मों और सभी समुदायों के लोगों में जीवंत है झारखण्ड

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखण्ड की चेतना समावेशी है। सभी धर्मों और सभी समुदायों के साथ आदिवासियों, दलितों, गरीबों और पिछड़े हुए लोगों को साथ लेकर प्रगति और खुशहाली के लिए समर्पित प्रयास ही मेरा संकल्प है।

###

================

#TeamPRD(CMO)